# कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण,जौनपुर।

## विज्ञप्ति

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जौनपुर द्वारा माननीय उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के पत्रांक संख्या– 287/एसएलएसए–99/2019(हैदर/आर आई ) दिनांकित 26.01.2024 में दिये गयें निर्देश के अनुक्रम में निम्नलिखित पदो पर आवेदन आमंत्रित कियें गयें थे।

1. चीफ लीगल एड डिफेंन्स काउन्सिल (कुल एक पद) 2. डिप्टी चीफ लीगल एड डिफेंन्स काउन्सिल (कुल एक पद) 3. सहायक लिगल एड डिफेंन्स काउन्सिल (कुल दो पद)

क्रम सं0 1 व 2 में वर्णित चीफ एवं डिप्टी लीगल एड डिफेंस काउन्सिल के पद पर आवेदन की अंतिम तिथि 22/02/2024 तथा क्रम सं0 3 में वर्णित सहायक लीगल एड डिफेंन्स काउंसिल पद पर आवेदन की अंतिम तिथि 15.02.2024 थी।

उक्त के संबंध में कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जौनपुर में चीफ लीगल एड डिफेन्स काउन्सिल के पद हेतु 12 डिप्टी चीफ लीगल एड डिफेन्स काउन्सिल के पद हेतु 12 आवेदन, तथा सहायक लीगल एड डिफेन्स काउन्सिल के पद हेतु कुल 60 आवेदन प्राप्त हुये है।

माननीय उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के पत्रांक संख्या– 287/एसएलएसए–99/2019(हैदर/आर आई ) दिनांकित 26.01.2024 के अनुक्रम में चयन समिति का गठन किया गया था। चयन समिति की बैठक में आज दिनांक 22/02/2024 को सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि साक्षत्कार की तिथियां दिनांक 27/02/2024 व 29/02/2024 उपर्युक्त पदों हेतु निम्न प्रकार से निर्धारित की जाती है–

| क्र सं0 | पद नाम | साक्षात्कार दिनांक, रिपोर्टिंग समय व स्थान |
|---|---|---|
| 1 | चीफ लीगल एड डिफेन्स काउन्सिल | दिनांक– 29.02.2024<br>दिन– गुरूवार<br>रिपोर्टिंग समय–सांय 03:30 बजे<br>स्थान– मिटिंग हाल जनपद न्यायालय जौनपुर। |
| 2 | डिप्टी चीफ, लीगल एड डिफेन्स काउन्सिल सिस्टम | दिनांक– 29.02.2024<br>दिन– गुरूवार<br>रिपोर्टिंग समय–सांय 03:30 बजे<br>स्थान– मिटिंग हाल जनपद न्यायालय जौनपुर। |
| 3 | सहायक लिगल एड डिफेन्स काउन्सिल सिस्टम | दिनांक– 27.02.2024<br>दिन– मंगलवार<br>रिपोर्टिंग समय–सांय 03:00 बजे<br>स्थान– मिटिंग हाल जनपद न्यायालय जौनपुर। |

तद्नुसार अभ्यर्थिगण सूचित हो तथा आवेदन में लगाये गये प्रपत्रो की मूल प्रति को साथ लेकर आयें।

दिनांक 22.02.2024

प्रभारी सचिव,
सिविल जज (सी0डि0)
जिला विधिक सेवा प्राधिकरण,
जौनपुर।

**प्रतिलिपि–**

1. जिला सूचना अधिकारी, जौनपुर को स्थानीय समाचारपत्रों में निःशुल्क विज्ञप्ति प्रकाशित कराने व पेपर की कटिंग कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जौनपुर को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।
2. केन्द्रीय नाजिर जनपद न्यायालय, जौनपुर को जनपद न्यायालय, जौनपुर के नोटिस बोर्ड पर चस्पा किये जाने हेतु।
3. जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जौनपुर के नोटिस बोर्ड पर चस्पा किये जाने हेतु प्रषित
4. अध्यक्ष/सचिव, जिला सिविल बार एसोसिएशन, जौनपुर को इस अनुरोध के साथ प्रेषित की वह उक्त विज्ञप्ति व आवेदन पत्र का प्रारूप को नोटिस बोर्ड पर चस्पा करायें।
5. नोडल अधिकारी, कम्प्यूटर अनुभाग, दीवानी न्यायालय जौनपुर को उक्त विज्ञप्ति व आवेदन का प्रारूप जनपद न्यायालय, जौनपुर व माननीय उच्च न्यायालय, इलाहाबाद की वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु।

प्रभारी सचिव,
जिला विधिक सेवा प्राधिकरण,
जौनपुर।